# स्वामी देवानन्द पी0जी0 कालेज मठ-लार, देवरिया

## महाविद्यालय में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन करने के महत्वपूर्ण निर्देशः–

1- प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व अर्हता सम्बन्धी निर्देशों को अवश्य पढ लें, जो www.sdpgc.in पर उपलब्ध है।

2- संस्था में प्रवेश आवेदन पत्र पूरित करने से पहले आपके पास **APAAR ID (ABC ID)** एवं दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर का **DDURN** होना आवश्यक है। उक्त दोनो का लिंक महाविद्यालय के **Registration** पेज पर उपलब्ध है।

3- आवेदक की अर्हता अथवा भारांको में किसी भी त्रुटि के लिये वह स्वयं उत्तरदायी होगा तथा इस सम्बन्ध में किसी तरह के वाद की स्थिति मान्य नही होगी।

4- कृपया गम्भीरता से संज्ञान में लेंवे कि आनलाइन आवेदन पत्र के प्रिंट आउट की मूल प्रति समस्त आवश्यक संलग्नकों के साथ अन्तिम तिथि से पूर्व महाविद्यालय के कार्यालय में **स्वयं अभ्यर्थी द्वारा जमा करना अनिवार्य** है। आवदेन पत्र की **01** प्रति अपने पास सुरक्षित रखे।

5- आवेदन पत्र पूरित कर शुल्क भुगतान करने के उपरान्त आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार का संशोधन अभ्यर्थी द्वारा नही किया जा सकेगा। इसके लिए महाविद्यालय कार्यालय से सम्पर्क करें।

6- आवेदन पत्र में अंकित पंजीकरण संख्या, प्रवेश आवेदन पत्र संख्या एवं प्रवेश सत्यापित होने के उपरान्त **Student ID** संख्या को सुरक्षित रखें।

7- **e-mail:-** अभ्यर्थी अपनी व्यक्तिगत मेंल आई डी आनलाइन आवेदन पत्र में अंकित करें, जिसे वे स्वयं प्रयोग मे ला रहे हो, ताकी भविष्य में महाविद्यालय द्वारा अभ्यर्थी को कोई भी सूचना सरलता से उपलब्ध करायी जा सके।

8- **Mobile No:-** अभ्यर्थी अपनी व्यक्तिगत मोबाइल नम्बर ही आनलाइन आवेदन पत्र में अंकित करें, जिसे वे स्वयं प्रयोग मे ला रहे हो, जिससे कि भविष्य में महाविद्यालय द्वारा अभ्यर्थी को कोई भी सूचना सरलता से उपलब्ध करायी जा सके।

### आनलाईन आवेदन पत्र की प्रक्रियाः–

1- **प्रथम चरणः–** आनलाईन पंजीकरण करना।

2- **द्वितीय चरणः–** आवेदन पत्र को पूर्ण करना।

3- **तृतीय चरणः–** आनलाइन पेमेंट गेटवे के माध्यम से शुल्क जमा करना एवं आवेदन पत्र तथा संलग्न प्रपत्र का वेब साइट से ही प्रिंट आउट लेना।

### प्रथम चरण (आनलाईन पंजीकरण करना ) :–

1.1 आनलाईन प्रवेश आवेदन के लिए **Online Admission** लिंक पर क्लिक करें।

1.2 समस्त वांच्छित प्रविष्टियों को पूर्ण करें। जहॉं * अंकित है उस कालम को निश्चित ही भरना है, अन्यथा आपका **Data Save** नही होगा।

1.3 समस्त प्रविष्टियों को पूर्ण करने के उपरान्त एक बार उसकी जॉच कर लेवें, सही होने पर **Data** को सबमिट करें।

1.4 डाटा सबमिट करते ही आपके द्वारा अंकित किये गये मोबाइल नम्बर एक **OTP** जायेगा, जो निर्धारित स्थान पर अंकित कर अपने डाटा का सत्यापन करें।

1.5 आपके मोबाइल नम्बर के सत्यापन के उपरान्त सफलता पूर्व पंजीकरण हो जायेगा, तथा आपका **User ID, Password** और **Registration No.** की सूचना आपके मोबाइल पर **SMS** द्वारा भेज दिया जायेगा।

1.6 प्राप्त **User ID & Password** से **Login** करें और अपना **Registration Fee** का भुगतान करें।

### द्वितीय चरण (आवेदन पत्र को पूर्ण करना) :–

2.1 आनलाईन **Registration Fee** के भुगतान के उपरान्त अपने **User ID** और **Password** के माध्याम से **Login** करें, प्रथम बार **Login** करने पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से आपको अपना **Password** परिवर्तित करने को कहा जा सकता है, यदि आवश्यक हो तो उसे परिवर्तित कर लेंवें।

2.2 सफलापूर्वक **Login** होने के उपरान्त आपके सामने **Online Student Dashboard** खुल कर आ जायेगा।

2.3 **Dashboard** से **Application Form Fill** पर क्लिक करें और फार्म को पूरी सतर्कता से सही–सही सूचना के साथ पूरित करें।

2.4 वांछित आवश्यक समस्त प्रपत्रों की स्कैन कॉपी जिसकी साइज **100MB** से ज्यादा न हो को अटैच करें।

2.5 फोटो एवं हस्ताक्षर की साइज **100MB** से ज्यादा नही होनी चाहिए।

**2.6** पूरित आवेदन पत्र एवं **Upload** किए गये प्रपत्रों को प्रिंट करें।

**2.7** संलग्नकों के साथ प्रिंट किये गये आवेदन पत्र को **स्वयं अभ्यर्थी** लेकर महाविद्यालय के प्रवेश समिति के समक्ष दो कार्य दिवस के अन्दर उपस्थित होंवें।

**2.8** प्रवेश समिति के आवेदन पत्र के निरीक्षण में यदि आप प्रवेश के लिए अर्ह पाये जाते है तो आपका आनलाईन सत्यापन किया जायेगा।

**2.9** प्रवेश समिति के सत्यापन के उपरान्त आपके **Portal** पर प्रवेश शुल्क के भुगतान हेतु लिंक भेज दिया जायेगा। वहॉं पुनः लागिन करके शुल्क का आनलाईन भुगतान करें।

## तृतीय चरण (शुल्क का भुगतान एवं प्रिंट आउट लेना):-

**3.1** आवेदन पत्र के महाविद्यालय प्रवेश समिति द्वारा सत्यापन के उपरान्त अभ्यर्थी **Dashboard** पर लगे **Admission Fee Payment** लिंक को क्लिक करें शुल्क का भुगतान करें।

**3.2** पेंमेन्ट गेटवे के माध्यम से प्रवेश शुल्क का आनलाईन भुगतान **Internet Banking, Debit Card, Credit Card, BHIM UPI, PhonePe, Paytm, GooglePay, QR Code** आदि के माध्यम से कर सकते है।

**3.3** आनलाईन शुल्क भुगतान करने के उपरान्त **Bank** द्वारा जारी किये गये **Transaction ID** को सावधानी पूर्वक लिख कर रख लेंवें और इसे सुरक्षित रखें, अन्तिम भुगतान की रसीद अवश्य प्रिंट कर आवेदन पत्र के मुख्य पृष्ठ के साथ संलग्न कर लेंवे।

**3.4** आप द्वारा किये गये शुल्क भुगतान के विवरण को प्रिंट कर के सत्यापित आवेदन पत्र के ऊपर संलग्न कर, **अन्तिम तिथि तक महाविद्यालय कार्यालय में जमा करें।**

**3.5** महाविद्यालय कार्यालय द्वारा शुल्क भुगतान के सत्यापन के उपरान्त आपको शुल्क विवरण की रसीद एवं पहचान पत्र प्राप्त होगी तथा आपका प्रवेश महाविद्यालय में स्थायी/अस्थायी पूर्ण माना जायेगा।

**3.6** भविष्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता, कूटरचित प्रपत्र अथवा धोखाधड़ी के कृत्य के संज्ञान में आने पर आपका प्रवेश निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार महाविद्यालय प्रशासन के पास सुरक्षित है।

**3.7** केवल तकनीकी कारणों को छोड़ कर किसी भी अन्य कारण से भुगतान किये गये शुल्क ( **Registration Fee or Admission Fee Payment** ) की न तो वासपी की जायेगी और न ही इसका किसी मद में समायोजन किया जायेगा।

**3.8** शुल्क का निर्धारण उत्तर प्रदेश आरक्षण नियमावली एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली के अन्तर्गत किया गया है।

**3.9** यदि कियी अभ्यर्थी के खाते से प्रवेश शुल्क की धनराशि कट जाती है, किन्तु लेन-देन असफल हो जाता है तो इस दशा में कटी हुई राशि की वापसी बैंक स्तर से भुगतान सामंजस्य **(Payment-reconciliation)** के **24** घंण्टें के पश्चात् सम्भव हो सकेगा। परामर्श दिया जाता है कि अभ्यर्थी के खाते से शुल्क का भुगतान असफल होने की दशा में, भुगतान का अगला प्रयास **24** घंण्टें के पश्चात् किया जाय।

**3.10** यदि किसी अभ्यर्थी ने पंजीकरण कर लिया है किन्तु आवेदन पत्र पूरित कर प्रवेश शुल्क का भुगतान नही किया है तो, उसका प्रवेश अपूर्ण माना जायेगा।

**3.11** पूरित आवेदन पत्र की प्रति समस्त आवश्यक संलग्नकों के साथ यदि महाविद्यालय से निर्धारित समयावधि में सत्यापित नही कराया जाता है तो आप शुल्क जमा नही कर पायेगें। आवेदन पत्र का सत्यापन एवं शुल्क का जमा होना दोनो निर्धारित अन्तिम तिथि और समय के अन्दर ही होना चाहिए।

**3.12** निर्धारित अन्तिम तिथि और समय के उपरान्त कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जायेगा।

**निर्धारित अन्तिम तिथि को पूरित आवेदन पत्र को महाविद्यालय को सायं 04:00 बजे से पूर्व अवश्य प्राप्त करा दें, अन्यथा आपका प्रवेश अपूर्ण रह जायेगा।**